AGLASEM.COM

MID TERM

SAMPLE PAPER

Practice Question Paper | Model Paper | Sample Question Paper

2024-2025

aglasem.com

अभ्यास प्रश्न पत्र **(Practice Paper)**

मध्यावधि परीक्षा **(Mid Term Examination)**

कक्षा **VIII (Class VIII)**

सामाजिक विज्ञान **(Social Science)**

Time Allowed: 2 Hrs. 30 Min **Maximum Marks 60**

सामान्य निर्देशः

i. यह प्रश्न पत्र पाँच खण्डों में विभाजित है- खण्ड क, खण्ड ख, खण्ड ग, खण्ड घ एवं खण्ड ङ.। इस प्रश्न पत्र में कुल 12 प्रश्न हैं।
ii. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक चयन उपलब्ध है। उनमें में से किसी एक प्रश्न को ही करें।
iii. प्रश्नों के सामने उनके निर्धारित अंक लिखे हुए हैं।
iv. खण्ड क [प्रश्न संख्या 1 (i) से (xii) तक] में 1 अंक वाले वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं।
v. खण्ड ख (प्रश्न संख्या 2 से 5) में, 3 अंक वाले अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
vi. खण्ड ग (प्रश्न संख्या 6 एवं 7) में, 4 अंक वाले दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
vii. खण्ड घ (प्रश्न संख्या 8 एवं 11) में 6 अंक वाले योग्यता आधारित/ स्रोत आधारित प्रश्न हैं।
viii. खण्ड ङ. (प्रश्न संख्या 12) में एक मानचित्र आधारित प्रश्न 4 अंकों का है।
ix. मानचित्र आधारित प्रश्न संख्या 12 के स्थान पर दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए अलग से प्रश्न दिए गए हैं।

General Instructions:

i. The question paper is divided into five sections- Section A, Section B, Section C, Section D and Section E. The question paper has 12 questions in all.
ii. All questions are compulsory; however internal choices are given in some questions. Attempt any one of them.
iii. Marks are indicated against each question.
iv. Section A: [Questions from serial number 1(i) to 1(xii) has objective questions of 1 mark each.
v. Section B: Questions from serial number 2 to 5 are short answer type questions of 3 marks each. Answer of these questions should not exceed 40 words each.
vi. Section C: Questions from serial number 6 and 7 are long answer type questions of 4 marks each. Answer of these questions should not exceed 80 words each.
vii. Questions from serial number 8 to 11 are competency based/source based questions, carrying of 6 marks each.
viii. Question number 12 is a map based question of 4 marks.
ix. Separate questions are given for **visually impaired student only** in lieu of map based question number 12.

docs.aglasem.com

aglasem.com

खण्ड़ क

1x12=12

प्रश्न संख्या (i) से (xii) तक दिए गए निर्देश के अनुसार कीजिए।

Section A

Do as per the instructions Q. No. 1 (i) to 1 (xii)

प्रश्न संख्या (i) से (vi) तक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

Choose the correct option in q. no. (i) to (vi)

1 (i) अंग्रेजों के द्वारा अवध का विलय कब किया गया था ? 1

A. 1810
B. 1825
C. 1840
D. 1856

When was Awadh annexed by the Britishers?

A. 1810
B. 1825
C. 1840
D. 1856

(ii) 1857 में भारत का गवर्नर-जनरल कौन था? 1

A. लॉर्ड कैनिंग
B. लॉर्ड विलियम बैंटिक
C. लॉर्ड मिन्टो
D. लॉर्ड इरविन

Who was the Governor-General of India in 1857?

A. Lord Canning
B. Lord Willium Bantick
C. Lord Minto
D. Lord Irwin

(iii) 1857 में झाँसी में विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था? 1

A. नाना साहब
B. वीर कुंवर सिंह
C. रानी लक्ष्मीबाई
D. बिरजिस कद्र

Who led the rebellion in Jhansi in 1857 ?

A. Nana Saheb
B. Vir Kunwar Singh
C. Rani Lakshmibai
D. Birjis Qadr

docs.aglasem.com

aglasem.com

(iv) कँटीली झाड़ियाँ एवं गुल्म मुख्यतः कहाँ उगते हैं? 1

A. कम वर्षा वाले शुष्क प्रदेश
B. भारी वर्षा वाले क्षेत्र
C. सामान्य वर्षा वाले क्षेत्र
D. इनमें से कोई नहीं |

Thorny shrubs and scrubs mainly grow in-

A. Dry areas of low rainfall
B. Areas of heavy rainfall
C. Areas of moderate rain
D. None of these

(v) निम्नलिखित में से किसे पर्यावरण का एक महत्वपूर्ण शोधक समझा जाता है? 1

A. गिद्ध
B. हाथी
C. बाघ
D. हिरन

Which of the following is considered a vital cleanser of the environment?

A. Vulture
B. Elephant
C. Tiger
D. Deer

(vi) भारतीय संसद के कौन-कौन से भाग होते हैं? 1

A. लोक सभा
B. राज्य सभा
C. राष्ट्रपति
D. उपरोक्त सभी

Parliament of India consists of-

A. Lok Sabha
B. Rajya Sabha
C. The President
D. All of the above

सही या गलत बताइए | (प्रश्न संख्या vii - ix**)**

State whether true or false: (Questions number vii - ix**)**

(vii) राष्ट्रपति, राज्य सभा में 20 सदस्यों को मनोनीत करते हैं । 1

The President nominates 20 members in the Rajya Sabha.

(viii) देश में एक से ज्यादा स्तर की सरकारों का होना संघवाद के नाम से जाना जाता है । 1

Federalism refers to the existence of more than one level of government in the country.

(ix) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर को भारतीय संविधान का जनक कहा जाता है | 1

Dr. B. R. Ambedkar is known as the father of the Indian Constitution.

प्रश्न संख्या (x) से (xii) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए |

docs.aglasem.com

aglasem.com

Fill in the Blanks in Question number (x) to (xii)

(x) विलय नीति .....के द्वारा लागु किया गया था | 1

अथवा

रानी चेन्नमा ..... नामक राज्य की शासक थी |

The Doctrine of Lapse was implemented by.....

OR

Rani Channamma was the ruler of …….

(xi) श्रीरंगपट्म के युद्ध के बाद मैसूर के ऊपर .....संधि थोप दी गयी थी | 1

.....alliance was imposed on Mysore after the Battle of Seringapatam.

(xii) बक्सर का युद्ध वर्ष.....में लड़ा गया था | 1

अथवा

प्लासी का युद्ध वर्ष.....में लड़ा गया था |

The Battle of Buxar was fought in the year.....

OR

The Battle of Plassay was fought in the year.....

खण्ड ख 4X3=12

Section B

लघु उत्तरीय प्रश्न (2 से 5)

Short Answer Type Questions (2 to 5)

2 किसी देश को संविधान की आवश्यकता क्यों पड़ती है? 3

अथवा

'शक्तियों का बँटवारा' पर एक संक्षिप्त नोट लिखें |

Why does a country need a constitution?

OR

Write a short note on the separation of powers.

3 सरकार को नियंत्रित करने, मार्गदर्शन देने और जानकारी देने में भारतीय संसद की भूमिका महत्वपूर्ण है |' टिप्पणी कीजिए | 3

'Indian Parliament has an important role in controlling, guiding and informing the government.' Comment.

4 भूमि संसाधन के सरंक्षण के किन्हीं तीन उपायों का उल्लेख कीजिये | 3

अथवा

जल सरंक्षण के किन्हीं तीन उपाय सुझाइए |

Mention any three ways for the conservation of land resources.

OR

Suggest any three ways to conserve water.

5 वन्य जीवन पर एक संक्षिप्त नोट लिखिए | 3

Write a short note on the wildlife.

docs.aglasem.com

aglasem.com

खण्ड ग 4X2=8

Section C

दीर्घ – उत्तरीय प्रश्न (6 एवं 7)

Long Answer Type Question (6 and 7)

6 1857 की बगावत के बाद अंग्रेजों ने कौन-कौन से प्रमुख बदलाव किये? 4

अथवा

1857 की बगावत के प्रमुख कारण कौन-कौन से थे ?

What were the important changes that were introduced by the British after the rebellion of 1857?

OR

What were the reasons for the rebellion of 1857?

7 राष्ट्रीय सरकार के चुनाव में भारतीय संसद की भूमिका की व्याख्या कीजिये । 4

Explain the role of the Parliament of India in the selection of the National Government.

खण्ड घ 6X4=24

Section D

क्षमता – आधारित प्रश्न (8 से 11)

Competency Based Question (8 to 11)

8 **निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** 3 X 2 =6

'मृदा अपरदन और क्षीणता मृदा संसधानों के लिए दो मुख्य खतरे हैं | मानवीय और प्राकृतिक दोनों ही कारकों से मृदाओं का निम्नीकरण हो सकता है | मृदा के निम्नीकरण में सहायक कारक वनोन्मूलन, अतिचारण, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग, वर्षा दोहन, भूस्खलन और बाढ़ हैं |'

8.1 मृदा संसाधन के लिए मुख्य खतरा क्या है?

A. जलवायु
B. मृदा सरंक्षण
C. मृदा अपरदन
D. इनमें से कोई नहीं |

8.2 निम्नलिखित में से कौन-सा मृदा निम्नीकरण का सहायक कारक नहीं है?

A. वनोन्मूलन
B. अतिचारण
C. बाढ़
D. स्थलाकृति

8.3 मृदा निम्नीकरण में सहायक कारक है-

A. मानवीय कारक
B. प्राकृतिक कारक
C. उपरोक्त दोनों |

docs.aglasem.com

aglasem.com

D. इनमें से कोई नहीं |

Read the following paragraph and answer the following questions:

'Soil erosion and depletion are the major threats to soil as a resource. Both human and natural factors can lead to degradation of soils. Factors which lead to soil degradation are deforestation, overgrazing, overuse of chemical fertilisers or pesticides, rain wash, landslides and floods.'

8.1 What is the major threat to soil as a resource?

A. Climate
B. Soil conservation
C. Soil erosion
D. None of these

8.2 Which of the following factors does not lead to soil degradation?

A. Deforestation
B. Overgrazing
C. Floods
D. Topography

8.3 Which factors can lead to degradation of soils?

A. Human factors
B. Natural factors
C. Both A and B
D. None of These

9 **निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** 3 X 2 =6

'1756 में अली वर्दी खान की मृत्यु के बाद सिराजुद्दौला बंगाल के नवाब बने | कंपनी को सिराजुद्दौला की ताकत से काफी भय था | सिराजुद्दौला की जगह कंपनी एक ऐसा कठपुतली नवाब चाहती थी जो उसे व्यापारिक रियायतें और अन्य सुविधाएँ आसानी से देने में आनाकानी न करे | कंपनी ने प्रयास किया कि सिराजुद्दौला के प्रतिद्वंद्वियों में से किसी को नवाब बना दिया जाये | कंपनी को कामयाबी नहीं मिली | जवाब में सिराजुद्दौला ने हुक्म दिया कि कंपनी उनके राज्य के राजनीतिक मामलों में टांग अड़ाना बंद कर दे, किलेबंदी रोके और बाकायदा राजस्व चुकाए |'

9.1 अली वर्दी खान की मृत्यु के बाद बंगाल के नवाब कौन बने ?

A. मीर कासिम
B. सिराजुद्दौला
C. मुर्शिद खान
D. इनमें से कोई नहीं |

9.2 बंगाल में कठपुतली शासक कौन चाहता था?

A. कंपनी
B. नवाब
C. सिराजुद्दौला
D. इनमें से कोई नहीं |

docs.aglasem.com

aglasem.com

9.3 किलेबंदी रोकने और राजस्व चुकाने का हुक्म कंपनी को किसने दिया?

A. मुर्शिद कुली खान
B. सिराजुद्दौला
C. लॉर्ड क्लाइव
D. इनमें से कोई नहीं |

Read the following paragraph and answer the following questions:

'When Alivardi Khan died in 1756, Sirajuddaulah became the nawab of Bengal. The Company was worried about his power and keen on a puppet ruler who would willingly give trade concessions and other privileges. So it tried, though without success, to help one of Sirajuddaulah's rivals become the nawab. An infuriated Sirajuddaulah asked the Company to stop meddling in the political affairs of his dominion, stop fortification, and pay the revenues.'

9.1 Who became the nawab of Bengal after Alivardi Khan?

A. Mir Qasim
B. Sirajuddaulah
C. Murshid Khan
D. None of these

9.2 Who was keen on having a puppet ruler in Bengal?

A. The Company
B. Nawab
C. Sirajuddaulah
D. None of these

9.3 Who asked the company to stop fortification and pay the revenues?

A. Murshid Quli Khan
B. Sirajuddaulah
C. Lord Clive
D. None of these

10 किसी काल्पनिक राज्य की विधानसभा चुनावों के परिणाम नीचे दिए गए हैं। इन्हें ध्यान से पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 3 X 2 =6

राजनीतिक दल	**सीटों की संख्या**
जनता अधिकार पार्टी	53
क्षेत्र विकास पार्टी	116
राष्ट्रीय स्वाभिमान पार्टी	21
समाज विकास पार्टी	84
निर्दलीय	11
कुल	**285**

docs.aglasem.com

aglasem.com

10.1 विधानसभा की सबसे बड़ी पार्टी कौन-सी है ?

A. समाज विकास पार्टी
B. जनता अधिकार पार्टी
C. क्षेत्र विकास पार्टी
D. राष्ट्रीय स्वाभिमान पार्टी

10.2 सरकार के गठन के लिए बहुमत की संख्या कितनी है?

A. 143
B. 150
C. 70
D. 95

10.3 निर्दलीय कौन कहलाते हैं?

A. जो चुनाव जीत नहीं पाते हैं |
B. वे सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी से जुड़े होते हैं |
C. वे किसी राजनीतिक पार्टी के भाग नहीं होते हैं |
D. इनमें से कोई नहीं |

The results of the elections of Legislative Assembly of a fictional state are given below. Read it carefully and answer the following questions-

Name of the Political Parties	**Number of seats**
Janata Adhikar party	53
Kshetra Vikas Party	116
Rashtriya Swabhiman Party	21
Samaj Vikas Party	84
Independents	11
Total	**285**

10.1 Which party is the largest party in the Legislative Assembly?

A. Samaj Vikas Party
B. Janata Adhikar party
C. Kshetra Vikas Party
D. Rashtriya Swabhiman Party

10.2 What is majority mark for government formation?

A. 143
B. 150
C. 70
D. 95

10.3 Who are said to be independents?

docs.aglasem.com

aglasem.com

A. They could not win the election.
B. They are associated with the largest party.
C. They are not part of any party.
D. None of these

11 **अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (किन्हीं तीन को कीजिए)** 3 X 2 =6

'पृथ्वी पर सात महाद्वीप हैं | ये विस्तृत जलराशि के द्वारा एक दूसरे से अलग हैं | ये महाद्वीप हैं- एशिया, यूरोप, अफ्रीका, उत्तर अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया तथा अन्टार्कटिका | एशिया विश्व का सबसे बड़ा महाद्वीप है | यह पृथ्वी के कुल क्षेत्रफल के एक तिहाई भाग में फैला है | यह महाद्वीप पूर्वी गोलार्ध में स्थित है | कर्क रेखा इस महाद्वीप से होकर गुजरती है | एशिया के पश्चिम में यूराल पर्वत है जो इसे यूरोप से अलग करता है | युरोप और एशिया के संयुक्त भूभाग को यूरेशिया (युरोप + एशिया) कहा जाता है |'

11.1 कर्क रेखा किस महाद्वीप से होकर गुजरती है?
A. अफ्रीका
B. एशिया
C. उत्तर अमेरिका
D. ऑस्ट्रेलिया

11.2 यूरोप को एशिया से कौन-सा पर्वत अलग करता है?
A. हिमालय
B. कंचनजंघा
C. यूराल
D. एंडीज

11.3 पूर्वी गोलार्ध में स्थित महाद्वीप है-
A. उत्तर अमेरिका
B. दक्षिण अमेरिका
C. एशिया
D. इनमें से कोई नहीं |

11.4 यूरोप और एशिया के संयुक्त भू – भाग को क्या कहा जाता है?
A. मृत– सागर
B. एशिया
C. यूरेशिया
D. इनमें से कोई नहीं।

Read the following paragraph and answer the following questions. (Attempt any three)

'There are seven major continents on earth. These are separated by large water bodies. These continents are- Asia, Europe, Africa, North America, South America, Australia and Antarctica. Asia is the largest continent. It covers about one-third of the total land area of the earth. The continent lies in the Eastern Hemisphere. The Tropic of Cancer passes through this continent. Asia is separated from Europe by Ural Mountains on the west. The combined

docs.aglasem.com
aglasem.com

landmass of Europe and Asia is called the Eurasia (Europe + Asia)'

11.1 The Tropic of Cancer passes through-

A. Africa
B. Asia
C. North America
D. Australia

11.2 Which mountain separates Asia from Europe?

A. The Himalayas
B. The Kanchenjungha
C. The Ural
D. Andies

11.3 The continent located in Eastern Hemisphere is-

A. North America
B. South America
C. Asia
D. None of these

11.4 The combined landmass of the Europe and Asia is called-

A. Dead Sea
B. Asia
C. Eurasia
D. None of the above

खण्ड़ ड.
Section D
मानचित्र आधारित प्रश्न
Map Based Question

12 भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र पर 1857 की बगावत से जुड़े निम्नलिखित स्थानों को दर्शाइए: **(किन्हीं चार को कीजिए)** 1x4=4

A. दिल्ली
B. झाँसी
C. बरेली
D. फ़ैजाबाद
E. कानपुर

Locate the following places related to the rebellion of 1857 on the given political outline map of India: **(Attempt any four)**

A. Delhi
B. Jhansi

docs.aglasem.com
aglasem.com

C. Bareilly
D. Faizabad
E. Kanpur

निम्नलिखित प्रश्न, प्रश्न संख्या 12 के स्थान पर केवल **दृष्टिबाधित विद्यार्थियों** के लिए हैं : **(किन्हीं चार को कीजिए)**

(i) 1857 की बगावत के दौरान मुग़ल सम्राट कौन थे?

(ii) झाँसी वर्तमान में भारत के किस राज्य में स्थित है?

(iii) बिहार के उस पुराने जमींदार नाम बताइए जिन्होंने 1857 के बगावत के दौरान विद्रोही सिपाहियों का साथ दिया?


(iv) फैजाबाद वर्तमान में भारत के किस राज्य में स्थित है?

(v) कानपुर में 1857 के बगावत की अगुवाई किसने की थी?

Following questions are only for **Visually Impaired students** in lieu of Question Number 12. **(Attempt any four)**

(i) Name the Mughal emperor during the rebellion of 1857.
(ii) In which state of India is Jhansi located presently?
(iii) Name the old zamindar from Bihar who joined the rebel sepoys during the rebellion of 1857.
(iv) In which state of India is Faizabad located presently?
(v) Who led the rebellion in Kanpur in 1857?

docs.aglasem.com
aglasem.com



docs.aglasem.com
aglasem.com

Sample Papers

- CBSE Sample Papers
- ICSE / ISC Board Sample Papers
- AP Board Sample Papers
- Assam Board Sample Papers
- Bihar Board Sample Papers
- Chhattisgarh Board Sample Papers
- Goa Board Sample Papers
- Gujarat Board Sample Papers
- Haryana Board Sample Papers
- HP Board Sample Papers
- J&K State Board Sample Papers
- Jharkhand Board Sample Papers
- Karnataka Board Sample Papers
- Kerala Board Sample Papers

Sample Papers

- MP Board Sample Papers
- Maharashtra Board Sample Papers
- Manipur Board Sample Papers
- Mizoram Board Sample Papers
- Orissa Board Sample Papers
- Punjab Board Sample Papers
- Rajasthan Board Sample Papers
- Tamil Nadu Board Sample Papers
- Telangana State Board Sample Papers
- Tripura Board Sample Papers
- UP Board Sample Papers
- Uttarakhand Board Sample Papers
- West Bengal Board Sample Papers

